सत्यमेव जयते

प्रधानमंत्री
Prime Minister

# संदेश

विद्यार्थियों की प्रतिभा को पहचानने और उन्हें सही दिशा देने वाले सभी गुरूजनों को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। महान शिक्षाविद् व पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की जयंती पर मनाया जाने वाला यह दिवस, शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का विशेष अवसर है।

हमारी संस्कृति व संस्कारों में गुरू शिष्य परंपरा का एक समृद्ध इतिहास रहा है। विद्यार्थियों के विचारों को विस्तार देने, उनके आत्मविश्वास को मजबूत करने और उन्हें बेहतर भविष्य के लिए बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित करने में शिक्षकों की बड़ी भूमिका है। ऐसे में राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 सहित हमारे विभिन्न कदम युवाओं के ज्ञान व कौशल को बढ़ाते हुए उनके सुनहरे कल को सुनिश्चित करने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं।

तेजी से बदलते समय के साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी नए अवसर और नई संभावनाएं सामने आ रही हैं। नई तकनीकों और डिजिटल माध्यमों का सार्थक उपयोग करते हुए हमारे शिक्षकों का स्वयं को निरंतर सीखते और अपडेट करते रहना समय की आवश्यकता है। समय से एक कदम आगे रहने वाले शिक्षक अपने विद्यार्थियों को भविष्य के लिए बेहतर ढंग से तैयार करते हैं।

भारत आज विकास और परिवर्तन के एक नए दौर से गुजर रहा है। 'शक्ति की सप्तधारा' के व्यापक दृष्टिकोण के साथ ज्ञान, कौशल, तकनीक व नवाचार को आत्मसात् करती हमारी युवा ऊर्जा नए भारत के सामर्थ्य और संभावनाओं को एक नया आयाम देगी। इस कड़ी में हमारे शिक्षक देश की विकास यात्रा को नई गति और शक्ति प्रदान कर सकते हैं।

शिक्षक दिवस के अवसर पर देश के भविष्य को संवारने में निरंतर समर्पित सभी शिक्षकों के ज्ञान, धैर्य, समर्पण और प्रेरणादायी योगदान को सादर नमन।

शिक्षण जगत से जुड़े सभी लोगों को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

नरेन्द्र मोदी

**(नरेन्द्र मोदी)**

नई दिल्ली
भाद्रपद 10, शक संवत् 1948
01 सितम्बर, 2026